# MP BOARD CLASS 10 PAPER 2014

समय : 3 घण्टा ] **हिन्दी (विशिष्ट) : कक्षा X** [ पूर्णांक : 100

**प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त-स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए—** 1 × 5 = 5

(i) पद्माकर ....... के प्रमुख कवियों में से हैं। *(भक्तिकाल/रीतिकाल)*

(ii) 'परम्परा बनाम आधुनिकता' ....... निबन्ध है। *(विचारात्मक/भावात्मक)*

(iii) नर्मदा के उत्स कुण्ड से थोड़ा-सा ....... चलने पर 'माई की बगिया' है। *(नीचे/ऊपर)*

(iv) जिसके प्रति स्थायी भाव उत्पन्न हो, वह ....... कहलाता है। *(आलम्बन/उद्दीपन)*

(v) रसोईघर ....... समास का उदाहरण है। *(तत्पुरुष/कर्मधारय)*

उत्तर—(i) भक्तिकाल, (ii) विचारात्मक, (iii) ऊपर, (iv) आलम्बन, (v) तत्पुरुष।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए—** 1 × 5 = 5

**(i) आधुनिक मीरा के नाम से प्रसिद्ध हैं—**

(क) महादेवी वर्मा, (ख) उषा प्रियंवदा,
(ग) सुभद्राकुमारी चौहान, (घ) रजनी पनिकर।

**(ii) देवगढ़ के पुराने दीवान थे—**

(क) शिवसिंह, (ख) अभय सिंह, (ग) सुजान सिंह, (घ) मोहन सिंह।

**(iii) 'रक्षाबंधन' पाठ की विधा है—**

(क) कविता, (ख) कहानी, (ग) आत्मकथा, (घ) संस्मरण।

**(iv) 'नीरस' का सन्धि-विच्छेद होगा—**

(क) निरा + रस, (ख) निः + रस, (ग) नि + अरस, (घ) निर + रस।

**(v) 'रौद्र रस' का स्थायी भाव होगा—**

(क) उत्साह, (ख) हँसी, (ग) क्रोध, (घ) विस्मय।

उत्तर—(i) (क), (ii) (ग), (iii) (ख), (iv) (ख), (v) (ग)।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य लिखिए—** 1 × 5 = 5

(i) 'सूरसागर' की रचना सूरदास ने की है।

(ii) गाँव का आदमी निरक्षर निरक्षर भले ही हो लेकिन सुसंस्कृत होता है।

(iii) दीपक अंधकार को मिटाता है।

(iv) 'जिसकी एक आँख हो' अन्धा कहलाता है।

(v) खण्डकाव्य मुक्तक काव्य का एक भेद है।

उत्तर—(i) सत्य, (ii) सत्य, (iii) सत्य, (iv) असत्य, (v) असत्य।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यांशों को सही जोड़ी मिलाकर पूर्ण कीजिए—** 1 × 5 = 5

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) पृथ्वीराज रासो | (क) सेठ गोविन्द दास |
| (ii) उद्बोधन | (ख) धर्मवीर भारती |
| (iii) सच्चा धर्म | (ग) महाकाव्य |
| (iv) थके हुए कलाकार से | (घ) अज़हर हाशमी |
| (v) बेटियाँ पावन दुआएँ हैं | (ङ) रामधारी सिंह 'दिनकर' |

उत्तर—(i) → (ग), (ii) → (ङ), (iii) → (क), (iv) → (ख), (v) → (घ)।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर एक शब्द वाक्य में लिखिए—** 1 × 5 = 5

(i) आक्रोश में आकर मजदूरों ने क्या किया?

(ii) लोक संस्कृति का जन्म कहाँ हुआ?

(iii) किस चीज को गँवाकर मनुष्य धनी बनता है?

(iv) उपासना करने वाला क्या कहलाता है?

(v) "राम! तुम नगर में रहो" यह किस प्रकार का वाक्य है?

उत्तर—(i) सूरज को निगल लिया, (ii) ग्रामों में, (iii) लालच को, (iv) उपासक, (v) आज्ञावाचक वाक्य।

**प्रश्न 6.** कुब्जा कौन थी? उसका उद्धार किसने किया? 2

***अथवा***

निर्गुण और सगुण भक्ति में प्रमुख अन्तर क्या है?

**प्रश्न 7.** माताएँ बालक राम की कौनसी चेष्टाओं से प्रसन्न होती हैं? 2

***अथवा***

बच्चे के रेशमी बालों को कवि अपनी हथेलियों से क्यों स्पर्श करना नहीं चाहता?

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 8.** मनु को हर्ष मिश्रित झटका-सा क्यों लगा? 2

***अथवा***

गिरिधर जी ने गुणवान के महत्व को किस प्रकार रेखांकित किया है ?

**प्रश्न 9.** 'चरैवेति जनगरवा' कविता में कवि ने लोगों को क्या-क्या सलाह दी है? 2

***अथवा***

मानव जिस ओर गया, उधर क्या-क्या हुआ?

**प्रश्न 10.** 'खाली पेट' कविता में निहित व्यंग्य को लिखिए। 2

***अथवा***

'तृप्ति' कविता के माध्यम से कवि ने किस विसंगति को उजागर किया है?

**प्रश्न 11.** ललित कलाओं का ग्राम्य जीवन में क्या महत्व है? 2

***अथवा***

शिबू ने डाकुओं का प्रतिकार किस प्रकार किया?

**प्रश्न 12.** पुरुषोत्तम ने अहिल्या से सत्य और असत्य की क्या व्याख्या की? 2

***अथवा***

देश के सामूहिक मानसिक बल का ह्रास कैसे हो रहा है?

**प्रश्न 13.** वृत्तियों के उन्नयन का क्या आशय है? 2

***अथवा***

लेखक श्रीलाल ने रामचरन के कंधे पर हाथ रखते हुए मित्र भाव से क्या-क्या प्रश्न किये?

**प्रश्न 14.** कवि माखनलाल चतुर्वेदी देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिये क्या चाहते हैं? 2

***अथवा***

स्वर्ग की नींव का पता किस प्रकार लग सकता है?

**प्रश्न 15.** निम्नांकित मुहावरों को वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए— 2

(i) आँखों का तारा, (ii) हाथ मारना।

***अथवा***

लोकोक्ति किसे कहते हैं? एक उदाहरण सहित लिखिए।

**प्रश्न 16.** 'गीतिका छन्द' का एक उदाहरण लिखिए। 2

***अथवा***

हरिगीतिका छन्द के लक्षण लिखिए।

**प्रश्न 17.** सुश्रुत संहिता में शल्य चिकित्सा की कौन-कौनसी विधियों का वर्णन किया गया है? 3

***अथवा***

"कुछ लोग बड़े निर्दोष मिथ्यावादी होते हैं।" कथन को स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 18.** वाक्य रूपान्तरण से क्या तात्पर्य है? हिन्दी में वाक्य रूपान्तरण कितने प्रकार से किया जाता है? 3

***अथवा***

सन्धि और समास में कोई **तीन** अन्तर लिखिए।

**प्रश्न 19.** महाकाव्य एवं खण्डकाव्य में कोई **तीन** अन्तर लिखिए। 3

***अथवा***

शब्दगुण के प्रमुख प्रकारों को परिभाषित कीजिए।

**प्रश्न 20.** प्रगतिवादी काव्यों की कोई **चार** विशेषताएँ लिखिए। 4

***अथवा***

प्रयोगवादी काव्यों की कोई **दो** विशेषताएँ लिखते हुए **एक** रचनाकार का नाम व उनकी **एक** रचना का नाम लिखिए।

**प्रश्न 21.** निबन्ध शब्द का अर्थ बताते हुए बाबू गुलाबराय के अनुसार निबन्ध की परिभाषा लिखिए। 4

https://www.evidyarthi.in/

*अथवा*

हिन्दी नाटकों के विकास को कितने भागों में बाँटा गया है, लिखते हुए भारतेन्दु युगीन **दो** नाटककारों के नाम लिखिए।

**प्रश्न 22.** कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' ***अथवा*** रामवृक्ष बेनीपुरी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए— **4**

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाषा-शैली।

**प्रश्न 23.** मलिक मुहम्मद जायसी ***अथवा*** महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए— **4**

(i) दो रचनाएँ, (ii) कलापक्ष-भावपक्ष।

**प्रश्न 24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की व्याख्या प्रसंग सहित लिखिए : 4**

*ये ख्याल इन दुनियादारी की*
*लपटों से झुलस गये हैं*
*पहाड़ों से टकराती नाव है,*
*कामयाबी की चोट से*
*ये लहूलुहान है।*

***अथवा***

*नील परिधान बीच सुकुमार*
*खुल रहा मृदुल अधखुला अंग,*
*खिला हो ज्यों बिजली का फूल*
*मेघवन बीच गुलाबी रंग।*

**प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिए— 4**

महत्व किसी कार्य की विशालता से नहीं है, उस कार्य के करने की भावना में है, बड़े से बड़ा कार्य हीन है, यदि उसके पीछे अच्छी भावना नहीं है और छोटे से छोटा कार्य भी महान है, यदि उसके पीछे अच्छी भावना है।

*अथवा*

गाँवों का आदमी जाने कब से बाट जोह रहा है कि कोई आये और उससे भी कुछ ले जाये। उसका समग्र जीवन एक अनपढ़ी खुली पुस्तक की तरह सामने बिछा है। उसका रहन-सहन, खान-पान, वस्त्राभूषण, आचार-विचार, रीतिरिवाज, विश्वास और मान्यताएँ, गीत और कथाएँ, नृत्य, संगीत और कलाएँ हमें कुछ-न-कुछ देने की क्षमता रखते हैं।

**प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 5**

मानव का अकारण ही मानव के प्रति अनुदार हो उठना न केवल मानवता के लिये लज्जाजनक है वरन् अनुचित भी है। वस्तुत: यथार्थ मनुष्य वही है जो मानवता का आदर करना जानता है, कर सकता है। केवल इसलिये कि कोई मनुष्य बुद्धिहीन है अथवा दरिद्र, वह घृणा का तो दूर रहा उपेक्षा का भी पात्र नहीं होना चाहिए। मानव तो इसलिये सम्मान के योग्य है कि वह मानव है, भगवान की सर्वश्रेष्ठ रचना है।

**प्रश्न— (i)** उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

**(ii)** यथार्थ मनुष्य किसे कहते हैं?

**(iii)** उपर्युक्त गद्य का सारांश लिखिए।

**प्रश्न 27.** स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (T. C.) प्राप्त करने हेतु अपने प्राचार्य को एक आवेदन-पत्र लिखिए। **5**

*अथवा*

अपने बड़े भाई को पत्र लिखिये और उन्हें बताइए कि गर्मी की छुट्टियाँ किस प्रकार व्यतीत करना चाहते हैं?

**प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 7**

(i) राष्ट्रीय एकता व अखण्डता, (ii) पर्यावरण प्रदूषण,
(iii) साहित्य और समाज, (iv) एक आकर्षक मैच।

**(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा 50 शब्दों में लिखिए— 3**

(i) राष्ट्रीय पर्व, (ii) पुस्तकालय का महत्व,
(iii) कम्प्यूटर : आज की आवश्यकता।

https://www.evidyarthi.in/